वन लाइनर्स (16 अगस्त 2021)

- **भारतीय नौसेना** ने **सिंगापुर** में **अमेरिकी नौसेना के** नेतृत्व वाले **दक्षिण पूर्व एशिया सहयोग और प्रशिक्षण (SEACAT)** सैन्य अभ्यास में भाग लिया। SEACAT की शुरुआत **2002** में हुई थी और यह **अभ्यास का 20वां संस्करण है।**
- **'अंतर्राष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि'** का दर्जा देकर रामसर स्थलों की सूची में भारत के चार और आर्द्रभूमियों को जोड़ा गया है। **ये 4 स्थल हैं:**
    - थोल, गुजरात
    - वाधवाना, गुजरात
    - सुल्तानपुर, हरियाणा
    - भिंडावास, हरियाणा
- **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय** ने मुफ्त में फिल्माए गए व्याख्यान/ पाठ्यक्रम/सामग्री प्रदान करने हेतु **TAPAS (उत्पादकता और सेवाओं के संवर्धन हेतु प्रशिक्षण)** नामक एक ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया है।
- **HCL फाउंडेशन** ने कारीगरों को सशक्त बनाने और भारत में हस्तशिल्प क्षेत्र की वैल्यू चेन को मजबूत करने हेतु **'My e-Haat'** नामक एक ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया है।
- पीएम मोदी ने भारत के 100वें स्वतंत्रता दिवस यानि **2047 तक ऊर्जा स्वतंत्र देश** बनने का लक्ष्य रखा है।
- पीएम मोदी ने घोषणा की है कि **75 'वंदे भारत' ट्रेनें** जारी **'आजादी का अमृत महोत्सव'** को चिह्नित करने हेतु अगले 75 सप्ताह में भारत के विभिन्न हिस्सों को जोड़ने का कार्य करेंगी।
- प्रख्यात भारत-अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉलर **चिन्मय चटर्जी (68 वर्षीय) का** निधन हो गया।
- छत्तीसगढ़ के सीएम **भूपेश बघेल** ने राज्य में चार नए जिले और 18 नई तहसीलें बनाने की घोषणा की है।
- **भारतीय नौसेना** ने **भारतीय नौसेना** के सेवारत कर्मियों और दिग्गजों के लिए **'ऑनर फर्स्ट'** नामक प्रीमियम बैंकिंग समाधान शुरू करने हेतु **IDFC फर्स्ट बैंक के** साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने **'प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम, 2021'** अधिसूचित किया है, जो 2022 तक निम्न उपयोगिता और उच्च कूड़े की क्षमता वाली एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं को प्रतिबंधित करता है।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now